ENERGY FOR EVER

इरेडा IREDA

ONCE IREDA ALWAYS IREDA

(A Navratna CPSE)

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# दूसरी तिमाही के परिणाम: इरेडा के शुद्ध लाभ में 41% की बढ़ोतरी, ऋण संवितरण में 81% की वृद्धि

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा आज, दिनांक 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अपने लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की, जिसमें अपनी मजबूत वृद्धि और परिचालन उत्कृष्टता के क्रम जारी रहा।

इरेडा के पंजीकृत कार्यालय में आज हुई अपनी निदेशक मंडल की बैठक में, लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी गई। इरेडा द्वारा प्रमुख वित्तीय मानकों में साल-दर-साल उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी की बढ़ती ऋण बुक , बढ़ता नेटवर्थ और निरंतर लाभप्रदता भारत की नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए इसके रणनीतिक केंद्र बिंदु और प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

**मुख्य वित्तीय विशेषताएँ - वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही बनाम वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (स्टैंडअलोन):**

- **ऋण स्वीकृतियाँ**: ₹21,408 करोड़ बनाम ₹8,724 करोड़ (↑145%)
- **ऋण संवितरण**: ₹8,062 करोड़ बनाम ₹4,462 करोड़ (↑81%)
- **ऋण बुक** : ₹84,477 करोड़ बनाम ₹64,564 करोड़ (↑31%)
- **नेटवर्थ** : ₹12,920 करोड़ बनाम ₹9,336 करोड़ (↑38%)
- **कर पश्चात लाभ**: ₹549 करोड़ बनाम ₹388 करोड़ (↑41%)
- **परिचालनों से राजस्व**: ₹2,057 करोड़ बनाम ₹1,630 करोड़ (↑26%)

दूसरी तिमाही के प्रदर्शन के बारे में संदेश देते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि , "सभी तिमाहियों में इरेडा की निरंतर वृद्धि हमारे रणनीतिक केंद्रबिंदु और कार्यान्वयन उत्कृष्टता को रेखांकित करती है। हमारी बढ़ती ऋण बुक और मज़बूत वित्तीय स्थिति हितधारकों द्वारा हम पर किए गए विश्वास का प्रमाण है और भारत के स्वच्छ ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में हमारी भूमिका को प्रकाशित करती है।"

श्री दास द्वारा इरेडा टीम के प्रयासों की सराहना की गई और माननीय केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री; माननीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री; एमएनआरई के सचिव; मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों; और निदेशक मंडल के प्रति उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।